# नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार



Publish Date:Mon, 01 Mar 2021 01:02 AM (IST)Author: **Jagran**

*रुद्रपुर कोतवाली के फतेहपुर के गिदहां टोले में नकली शराब बनने की सूचना पर कोतवाल जितेंद्र कुमार टंडन पुलिस टीम के साथ पहुंचे टीम के पहुंचते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। भाग रहे एक युवक को पुलिस ने दबोच लिया।*

देवरिया: रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने नकली शराब बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। भारी मात्रा में नकली शराब बनाने के साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। हालांकि गिरोह का सरगना मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। यहां बनने वाली नकली शराब का देवरिया के अलावा पड़ोसी प्रांत बिहार में आपूर्ति होती थी।

रुद्रपुर कोतवाली के फतेहपुर के गिदहां टोले में नकली शराब बनने की सूचना पर कोतवाल जितेंद्र कुमार टंडन पुलिस टीम के साथ पहुंचे, टीम के पहुंचते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। भाग रहे एक युवक को पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल सिंह पुत्र जनार्दन सिंह बताया। जब पुलिस कमरे में गई तो अंदर का नजारा देख परेशान हो गई। बड़े पैमाने पर नामी शराब कंपनी का रैपर, बोलत व ढक्कन भी मिले। इस दौरान पुलिस ने पांच लीटर केमिकल, एक पैकिग करने वाली मशीन, 30 किलोग्राम खाली रैपर, 98 पाउच बरामद किया गया। राहुल ने बताया कि गिरोह का सरगना देवरिया के रामनाथ देवरिया का निवासी पिटू तिवारी है। कोतवाल जितेंद्र टंडन ने कहा कि आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मिट्टी लदी ट्राली ने चाय दुकानदार को रौंदा, मौत

देवरिया: भाटपाररानी क्षेत्र के लाखोपार चौराहे के समीप मिट्टी लदी ट्राली की चपेट में आने से रविवार को एक चाय दुकानदार की मौत हो गई। दुकानदार की मौत से आक्रोशित लोगों ने मुख्य मार्ग जाम कर दिया और प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे जिम्मेदार लोगों के आश्वासन पर जाम समाप्त हो सका।

लाखोपार गांव निवासी 41 वर्षीय रामप्रीत गोड़ पुत्र स्व.कांता चौराहे पर चाय की दुकान चलाते थे। रविवार को वह बाजार करने के लिए भाटपाररानी साइकिल से गए थे। लौटते समय लाखोपार चौराहे के समीप पहुंचे थे कि मिट्टी लदी ट्राली की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें पीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इससे आक्रोशित लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया और धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। आक्रोशित लोग मुख्य मार्ग पर शव रख कर जाम कर दिए। मौके पर विधायक डा.आशुतोष उपाध्याय, तहसीलदार अश्वनी कुमार व प्रभारी निरीक्षक अरुण मौर्या पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराए। साथ ही आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/deoria-fake-liquor-factory-busted-one-arrested-21416081.html